# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## बुधवार, तिथि 24 जनवरी, 1990 ई०

## ( भाग-1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर )

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान-सभा का कार्य-विवरण।

सभा का अधिवेशन पटना के सभा सदन में **बुधवार, तिथि 24 जनवरी, 1990** को पूर्वाह्न 10:15 बजे अध्यक्ष, **श्री मो० हिदायतुल्ला खाँ** के सभापतित्व में प्रारम्भ हुआ।

---

पटना

दिनांक : 24 जनवरी, 1990

**चन्द्रशेखर शर्मा**
सचिव
बिहार विधान-सभा।

---

(1) श्री गुणानन्द मिश्र को वर्ष 1985 में थोक विक्रेता की अनुज्ञप्ति निर्गत की गई है जिसकी संख्या 9/85 है ।

(2) ऐसी कोई सूचना सरकार को प्राप्त नहीं है ।

(3) जिला पदाधिकारी ने प्रतिवेदित किया है कि ऐसा कोई आरोप-पत्र उनके कार्यालय में उपलब्ध नहीं है ।

(4) खंड (2) एवं (3) के उत्तर के आलोक में प्रश्न नहीं उठता है ।

---

## विज्ञापन रद्द करना

*पन-47. श्री अब्दुल सुभान : क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलानेकी कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सहीहै कि राजेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, पूसा (समस्तीपुर) नेअपनी विज्ञापन संख्या 1/89 द्वारा विश्वविद्यालय प्राध्यापक-सह-मुख्य वैज्ञानिक (गव्य अर्थशास्त्री) एवं प्रबंधन के पद को विज्ञापित किया है;

(2) क्या यह बात सही है कि विश्वविद्यालय में इस तरह का कोई भी पद विज्ञापन की तिथि तक सृजित नहीं था;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विज्ञापन संख्या 1/89 को रद्द करनेका विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

**प्रभारी मंत्री, कृषि विभाग :** (1) उत्तर स्वीकारात्मक है ।

(2) उत्तर स्वीकारात्मक है ।

(3) इस विज्ञापन को रद्द करने का निर्देश दिया जा रहा है ।

---

## सड़क का निर्माण

***ज-16. श्री अवध विहारी चौधरी :** क्या मंत्री, नगर विकास विभग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या बात सही है कि सिवान नगरपालिका अंतर्गत कागजी मुहल्ला सिवान में श्री तारकेश्वर बाबू के मकान से तुरहाटोली उचका तक जाने वाली सड़क अत्यंत ही खराब हालत में है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के खराब होने के कारण दस हजार व्यक्तियों को अनेक कठिनाइयों कासामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड (1) में वर्णित सड़क को कबतक बनाने का विचार रखती है ?

**प्रभारी मंत्री, नगर विकास विभाग:** (1) उत्तर स्वीकारात्मक है ।

(2) उत्तर स्वीकारात्मक है ।